1987-88 have been arrived at after appropriating the amounts due to Government under para 7 of DPCO, 1979;

(f) what is the exact magnitude of these amounts; and

(g) what are their losses after creating a liability of dues into DPEA?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI J. VENGAL RAO) :
(a) to (d) The details of amounts paid to M/s. IDPL & M/s. HAL under the provisions of DPCO, 1979 (now DPCO, 1987) from the drugs price:3 Equalisation Amount during 1987-88 & 88-89 in respect of their claims price to 1986-87 arc given below:

	87-88 (Rs. in lakhs)	88-89 (Rs. in lakhs)
M/s. IDPL .	292.88	115.00
M/s. HAL .	76.87	18.26

(e) to (g) The required details to the extent available will be collected and laid on the Table of Rajya Sabha.

एल० पी० जी० के रेगुलेटरों में रिसाव (लीकेज) तथा खराबियों की जांच करने के लिए वसूल की जाने वाली फीस

1. **श्री सुशील कुमार पट्टनायक : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एल० पी० जी० का वितरक मैसर्स, जी० एस० इण्डाइन, शालीमार पार्क, साहदरा, दिल्ली–110032 एल० पी० जी० के रेगुलेटरों से रिसाव (लीकेज) तथा खराबियों की जांच करने के लिए उपभोक्ताओं से 5 रुपये वसूल करता है, जो इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के नियमों का उल्लंघन है ;

(ख) यदि उपर्युक्त भाग (क) का उत्तर "हां" हो तो क्या इस वितरक के पिछले लगभग 6 माह के दौरान की शिकायत-पुस्तिका की जांच पड़ताल कराये जाने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) यदि हां, तो यह कार्य कब तक किया जायेगा और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्मदत्त) : (क) से (ग) जी, नहीं। इस वितरक के पास पिछले छः महीनों के दौरान दर्ज शिकायतों की इंडियन आयल कारपोरेशन ने जांच की है और यह पाया है कि लीकेज संबंधी शिकायतों की जांच के लिए इस वितरक द्वारा कोई फीस नहीं ली गई है।

उपभोक्ताओं को नये गैस कनेक्शन जारी किये जाने में विलम्ब

3. **श्री सुशील कुमार पट्टनायक : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के पूर्वी भाग में एल० पी० जी० के डीलरों को पिछले एक वर्ष से समय पर रेगुलेटर प्राप्त नहीं हो रहे हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि डीलर उपभोक्ताओं को नये गैस कनेक्शन जारी करने में 10 से 15 दिन का समय ले लेते हैं ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और क्या यह भी सच है कि इसके मुकाबले नई दिल्ली क्षेत्र में स्थिति इतनी खराब नहीं है और इस प्रकार पूर्वी दिल्ली के एल० पी० जी० के डीलरों के साथ सदैव भेद भाव किया जाता है; और

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (ग) का उत्तर "हां" हो तो, इसके क्या कारण हैं ?